# ।।कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण।।

क्रमांक : न–5( )को.ग्रा./फोर्स/2025/10797-802 दिनांक 04 दिसम्बर, 2025

## ::प्रेस नोट::

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 5780 दिनांक 29.11.2025, 5820 दिनांक 01.12.2025 तथा पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति संख्या 1360 दिनांक 09.04.2025 के तहत जिला कोटा ग्रामीण में कानिस्टेबल सामान्य के पद पर शारीरिक मापतौल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा (PST/PET) का आयोजन MAHARAV UMMED SINGH STADIUM NAYAPURA, KOTA में दिनांक 10.12.2025 को प्रातः 06 बजे से आयोजित की जावेगी। पात्र समस्त अभ्यर्थी उक्त शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित दिनांक/समय पर अपने साथ विज्ञप्ति क्रमांक 1360 दिनांक 09.04.2025 के बिन्दु संख्या–16 में उल्लेखित प्रमाण पत्र मय कॉल लेटर (बेब साईड से डाउनलोड किया हुआ) स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, वैध फोटो पहचान पत्र मय प्राधिकृत चिकित्सक का शारीरिक दक्षता हेतु स्वास्थ्य प्रमाण पत्र साथ लेकर आयेगें। शारीरिक मापतौल एवं दक्षता में उपस्थित होने सम्बन्धी कॉल लेटर एवं अन्य जानकारियां राजस्थान पुलिस की बेब साईट www.police.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है तथा विस्तृत विवरण कॉल लेटर पर अंकित है। **पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर द्वारा जारी निम्न दिशा–निर्देशों की पालना की जावें।**

1. ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आवेदन करने की दिनांक से पूर्व के वित्तीय वर्ष (अर्थात् 2024–25) की आय के आधार पर ऑनलाईन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक 28046 दिनांक 06.05.2022 द्वारा निर्धारित शपथ पत्र अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करने के आधार पर पूर्व में जारी Income & Asset Certificate को अधिकातम 03 वर्ष के लिये वैद्य माना जायेगा।
3. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर के दिशा निर्देश दिनांक 09.09.2015 के बिन्दू संख्या–4 में वर्णितानुसार एस/एसटी अभ्यर्थियों के लियेजारी जाति प्रमाण पत्र जीवन पर्यन्त होगा, जबकि ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र क्रीलिलेयर में नहीं होने सम्बन्धी तथ्य 03 वर्ष के लिये विधि शपथ पत्र के आधार पर मान्यता दी जायेगी।

4.12.25

पुलिस अधीक्षक,<br>
जिला कोटा ग्रामीण

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है।

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदौन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर।
2. महानिरीक्षक पुलिस, (मुख्यालय) राजस्थान जयपुर।
3. उप महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज, कोटा।
4. ज़िला कलक्टर/मजिस्ट्रेट कोटा।
5. समस्त पुलिस अधीक्षक मय जीआरपी अजमेर/जोधपुर राजस्थान।

Scanned with OKEN Scanner